April 2016-2017

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी ( नैनीताल )

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

30 (3)

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा//2015-16/** **दिनांक: 07/05/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की अप्रैल 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- अप्रैल माह में वर्ष 2014 की उपाधियां मुद्रित होकर प्राप्त हुई है। उक्त के वितरण हेतु अभिलेखों की जॉच का कार्य गतिमान है। 93 विद्यार्थियों को अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/वाहक को दिये गये।

2- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा-2015 में कार्यरत परीक्षकों के पावना बिलों का निस्तारण किया जा रहा है। अप्रैल माह में लेखा विभाग से प्राप्त 157 परीक्षकों की देय धनराशि चैकों के माध्यम से संबंधितों को प्रेषित की गयी साथ ही अपूर्ण बिलों को पूर्ण कर निस्तारित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

3- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा-2015 में सम्पन्न परीक्षाओं से संबंधित 1352 पुर्नमूल्यांकन प्रकरणों का निस्तारण विभाग द्वारा किया गया।

4- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा-2015 से संबंधित 143 अनुचित साधन प्रयोग प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

5- सेमेस्टर परीक्षा फरवरी/मार्च- 2016 के अंकपत्र तैयार किये गये है। जिनमें सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर करवाकर आगामी माह में क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित किये जायेंगे।

6- सेमेस्टर परीक्षा फरवरी/मार्च- 2016 के 22 परीक्षा केन्द्रों में से 16 परीक्षा केन्द्रों के अग्रिम समायोजन बिल वि0वि0 को प्राप्त हुए है । अप्रैल माह में 04 समायोजन बिल जांच कर लेखा विभाग को प्रेषित किये जा चुके है।

7- आगामी वार्षिक/सेमस्टर परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2016 के आयोजन हेतु प्रश्नपत्र निर्माण का कार्य किया जा रहा है और जिन परीक्षकों से प्रश्नपत्र तैयार होकर वि0वि0 को प्राप्त हुए है उनका मोडरेशन कार्य गतिमान है।

8- 08 अप्रैल 2016 को परीक्षा व प्रवेश कार्य हेतु क्षेत्रीय निदेशकों की बैठक आयोजित की गई जिनमें परीक्षा केन्द्रों, अंकतालिकाओं, सत्रीय कार्य व अन्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

9- अप्रैल माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त हुई 204 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया है।

10- अप्रैल माह में आगामी परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरने की तिथि व संशोधित परीक्षा केन्द्रों की घोषणा की गई। आगामी परीक्षा के आयोजन हेतु परीक्षा कन्द्रों से फोन पर वार्ता की गई।

11- फरवरी माह में सम्पन्न परीक्षाओं से संबंधित औचक निरीक्षण, प्रयोगात्मक परीक्षा, परियोजना कार्य मूल्यांकन,उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के भुगतन हेतु पत्रावली, पत्राचार के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान, अन्य पत्राचार एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों का कार्य किया गया।

विभाग के कार्यकलापों की मासिक आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु परीक्षा विभाग से डा0 डी0के0 मथेला, वरिष्ठ प्रशासनिक परामर्शदाता/परीक्षा प्रभारी को अधिकृत किया जाता है।

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

4

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2015-16/636** **दिनांक: 03/06/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की मई 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- मई माह में सेमेस्टर परीक्षा-2016 में कार्यरत परीक्षकों के पावना बिलों का निस्तारण किया गया।

2- सेमेस्टर परीक्षा-2016 से संबंधित 18 अनुचित साधन प्रयोग प्रकरणों के निस्तारण हेतु परीक्षार्थियों को पत्र प्रेषित किये गये।

3- सेमेस्टर परीक्षा फरवरी/मार्च- 2016 के अंकपत्र तैयार कर क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रेषित किये जा चुके है।

4- सेमेस्टर परीक्षा फरवरी/मार्च- 2016 के 22 परीक्षा केन्द्रों में मई माह में 16 समायोजन बिल जांच कर लेखा विभाग को प्रेषित किये जा चुके है।

5- आगामी वार्षिक/सेमस्टर परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2016 के आयोजन हेतु प्रश्नपत्र निर्माण का कार्य किया जा रहा है और जिन परीक्षकों से प्रश्नपत्र तैयार होकर वि0वि0 को प्राप्त हुए है उनका मोडरेशन कार्य गतिमान है।

6- 06 मई 2016 को परीक्षा व प्रवेश कार्य हेतु निदेशकों व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिनमें प्रवेश व परीक्षा प्रक्रिया आदि बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

7- मई माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त हुई 780 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया है।

8- उपाधि के वितरण हेतु अभिलेखों की जॉच का कार्य गतिमान है। 87 विद्यार्थियों को अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र व मूल उपाधियां निर्गत कर प्रेषित/वाहक को दिये गये।

9- मई माह में समस्त अध्ययन केन्द्रों को परीक्षा फार्म व सत्रीय कार्य के अंकों की प्रविष्टि SIS में किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी परीक्षा के आयोजन हेतु संशोधित परीक्षा कन्द्रों से फोन पर वार्ता की गई।

10- मई माह में योग व विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की गई।

11- SIS में प्रेविष्ट किये गये परीक्षा/बैक व सुधार परीक्षा फार्मों के मिलान हेतु अध्ययन केन्द्रों से पत्राचार किया गया। कुछ अध्ययन केन्द्रों द्वारा परीक्षा फार्म वि0वि0 को प्रेषित किये जा चुके है।

12- पुरानी व नई उत्तरपुस्तिकाओं की छटनी व रख-रखाव का कार्य गतिमान है।

13- फरवरी-2016 में सम्पन्न परीक्षा से संबंधित प्राप्त पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्रों पर कार्य गतिमान है और सितम्बर 2015 में प्राप्त चुनौती मूल्यांकन आवेदनों का निस्तारण किया गया।

14- फरवरी माह में सम्पन्न परीक्षाओं से संबंधित,उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के भुगतान हेतु पत्रावली, पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं चैक प्रेषण संबंधित आदि गोपनीय कार्य किये गये।

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

Received
(Mishra)
3/6/16

OK

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

5

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2015-16/636** **दिनांक: 15/07/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की जून 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- इस वर्ष उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण राजकीय मुद्रणालय, रूड़की द्वारा किया जा रहा है। वार्षिक परीक्षा हेतु ये उत्तर पुस्तिकायें जुलाई माह के तृतीय सप्ताह में परीक्षा केन्द्रों को प्रेषित कर दी जायेंगी।

2- प्रश्नपत्रों का मॉडरेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिनका मुद्रण प्रारम्भ हो गया है, जो समयान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों को उपलब्ध कराये जायेंगे।

3- परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कर लिया गया है इनकी संख्या 51 है केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन निर्देश तैयार कर लिये गये हैं।

4- सेमेस्टर परीक्षा फरवरी/मार्च- 2016 के 22 परीक्षा केन्द्रों के 6 अवशेष समायोजन में से 3 समायोजन जून माह मे प्राप्त हुए है जिनमें कार्यवाही गतिमान है।

5- वार्षिक परीक्षा 2016से सम्बन्धित एक समीक्षा बैठक परीक्षा नियन्त्रण की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी। जिसमें सचल दल व्यवस्था सहित कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया।

6- जून माह में 221 मूल उपाधियॉ, 227 अंकपत्र, 58 अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/ वाहकों को दिये गये।

7- जून माह मे योग व विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षायें संचालित की गयी हैं।

8- जून माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई 353 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया।

9- स्मार्ट स्किल (Smart Skill) की परीक्षा 12 जून 2016 को निर्धारित केन्द्र हरगोविन्द सुयाल इ0का0 कुसुमखेड़ा हल्द्वानी में सम्पन्न कराई गयी।

15.7.16

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

o/c

6


# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)


**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2015-16/654** **दिनांक: 06/08/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की जुलाई 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- परीक्षा अयोजन हेतु 52 परीक्षा केन्द्रों को पत्र मेल के माध्यमस से पुन: पत्र प्रेषित किया गया।

2- दिनांक 01 अगस्त 2016 से होने वाली परीक्षा हेतु कोरी उत्तरपुस्तिका व प्रपत्रों को पहुंचाने हेतु तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को परीक्षा केन्द्रों में भेजा गया।

3- दिनांक को गापनीय प्रपत्र वि0वि0 को प्राप्त हुए। प्राप्त गोपनीय प्रपत्रों का विभाग द्वारा आकस्मिक परीक्षण किया गया।

4- परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय प्रपत्र पहुंचाने व औचक निरीक्षण हेतु टीम तैयार की गई। इस हेतु प्रस्थान करने से पूर्व दिनांक 27 जुलाई 2016 को प्रात: 11:00 बजे वि0वि0 सभागार में बैठक आयोजित की गई , जिसमें टीम के सदस्यों को संबंधित कार्य हेतु दिशा-निर्देश दिये गये।

5- प्रथम चरण की औचक निरीक्षण टीम दिनांक 28 जुलाई 2016 को विश्वविद्यालय से परीक्षा केन्द्रों को प्रस्थान कराई गई।

6- परीक्षा के सफल संचालन हेतु दिनांक 23 जुलाई 2016 को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

7- परीक्षा के सफल संचालन हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों (52) के खाते पर अग्रिम धनराशि वि0वि0 द्वारा स्थनान्तरित की गई।

8- दिनांक 31 जुलाई 2016 को एम0बी0ए0 प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई।

9- जून माह में 115 मूल उपाधियॉ, 182 अंकपत्र, 25 अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/ वाहकों को दिये गये।

10- जून माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई 389 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया।

11- जुलाई माह में होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित हुई।

12- सत्रीय कार्य के अंकों की SIS में प्रविष्ठि हेतु दिनांक 30 जुलाई 2016 को समस्त अध्ययन केन्द्रों को पत्र प्रेषित किया गया।

13- जुलाई माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित समान्य पत्रावलियों एवं गोपनीय पत्रावली आदि कार्य किये गये।

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

6/8/16


**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**
**Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in**

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)


7

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2015-16/665** **दिनांक: 02/09/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह अगस्त 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- अगस्त माह में होटल प्रबंध, विधि, योग, कृषि पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

2- औचक निरीक्षण हेतु द्वितीय चरण की टीम दिनांक 08 अगस्त से 14 अगस्त 2016 तक व तृतीय चरण की टीम दिनांक 30 अगस्त से 03 सितमबर 2016 तक 52 परीक्षा केन्द्रों में निरक्षण हेतु भेजी गई। सफल संचालन हेतु कुछ केन्द्रों पर वाह्य निरक्षण टीमों को भी भेजा गया।

3- उत्तरपुस्तिकाओं का संकलन कार्य दिनांक 04 अगस्त 2016 से प्रारम्भ कर दिया गया है। प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकनकार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

4- प्रयोगात्मक/मौखिक/परियोजना कार्य के प्राप्त अंकों की इंट्री की जा रही है।

5- 03 सितम्बर 2016 को सम्पन्न होने वाली परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं को वि0वि0 लाने हेतु वि0वि0 से दिनांक 30 व 31 अगस्त 2016 को तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को प्रस्थान किया जा चुका है।

6- दिनांक 28 अगस्त 2016 को एम0बी0ए0 प्रवेश परीक्षा दो केन्द्रों में आयोजित कराई गई।

7- अगस्त माह में 216 मूल उपाधियॉ, 47 अंकपत्र, 35 अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/वाहकों को दिये गये।

8- अगस्त माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 380 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया।

9- फरवरी 2016 में पकडें गये परीक्षार्थियों के संबंध में गठित समिति द्वारा निर्णय लिये गये।

10- प्रश्नपत्र के मोडरेशन व प्रयोगात्मक परीक्षा व समायोजन बिलों का भुगतान किया गया।

11- माह नवम्बर में होने वारले दीक्षान्त समारोह के आयोजन हेतु अभिलेखों की जांच कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है।

12- विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों को एम0एम0एस0 किया गया।

13- विश्वविद्यालय की वर्तमान में चल रही परीक्षाओं से संबंधित अगस्त माह में 15 पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित किये जा चुके है।

14- अगस्त माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार, आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

Received 2/9/16

O/C


**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

9

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)


**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2015-16/** **दिनांक: 30/09/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या ।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह सितम्बर 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- सितम्बर माह में एम0बी0ए0, मनोविज्ञान, एम0एस0 डब्लू व पत्रकारिता पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

2- 04-05 सितम्बर 2016 को औचक निरीक्षण टीम परीक्षा केन्द्रों से निरीक्षण कर 03 तक अन्तिम दिवस तक की सम्पन्न परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं को लेकर वि0वि0 वापस आये।

3- प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं की प्रश्नपत्रवार व केन्द्रवार छठनी की गई ।

4- प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय व वि0वि0 स्तर पर मूल्यांकनकार्य किया जा रहा है ।

5- मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के प्राप्तांकों और प्रयोगात्मक/मौखिक/परियोजना कार्य के प्राप्त अंकों की इंट्री एस0आई0एस0 में की जा रही है। संबंधित कार्य के लिए दो-दो सदस्यों की टीमें तैयार की गई है जो कार्य को सम्पादित कर रही है।

6- परियोजना कार्य मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है।

7- सितम्बर माह में 102 मूल उपाधियॉ, 38 अंकपत्र,60 अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/वाहकों को दिये गये ।

8- सितम्बर माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 280 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया ।

9- प्रश्नपत्र के मोडरेशन व प्रयोगात्मक परीक्षा व समायोजन बिलों एवं यात्रा संबंधी आदि बिलों का भुगतान किया गया।

10- विश्वविद्यालय की सम्पन्न परीक्षाओं से संबंधित सितम्बर माह में 11 पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित किये जा चुके है।

11- दीक्षांत समारोह में जो परिक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है उस हेतु वि0वि0 को प्राप्त डिग्री आवेदन पत्रों (2015) की विषयवार छठनी कर सूची तैयार की गई ।

12- सितम्बर माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार, आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

30/9/16


**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**
**Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in**

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)


10

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2015-16/678** **दिनांक: 04/11/2016**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या ।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह अक्टूबर 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- अगस्त/सितम्बर 2016 की परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं की प्रश्नपत्रवार व केन्द्रवार छठनी करवाकर प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय व वि0वि0 स्तर पर मूल्यांकनकार्य कराया गया है ।

2- अक्टूबर माह में 224 (मूल एवं बैक ) परीक्षाफल घोषित किया गए। (सूची संलग्न)

3- अक्टूबर माह में 93 मूल उपाधियॉ, 45 अंकपत्र, 32 अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/वाहकों को दिये गये ।

4- अक्टूबर माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 245 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल के माध्यम से ही प्रेषित किया गया ।

5- अक्टूबर माह में उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, प्रश्नपत्रों निर्माता व प्रयोगात्मक परीक्षा व समायोजन बिलों एवं गोपनीय बिलों तथा यात्रा संबंधी आदि बिलों पर कार्यवाही करते हुए भुगतान किये जाने हेतु पत्रावली प्रेषित की गई।

6- दीक्षांत समारोह में जिन परीक्षार्थियों (526) द्वारा आवेदन किया गया है उनकी उपाधियां छटनी कर, कुलपति महोदय के हस्ताक्षर कराये गये। उसके उपरांत उन्हें विषयवार बंडल बनाकर तैयार किये गये।

7- बी0एड0 (विशिष्ट) के प्रथम सेमेस्टर के सत्रीय कार्य के अंकों की प्रविष्टि हेतु अध्ययन केन्द्रों को पत्र प्रेषित किया गया।

8- बी0एड0 (विशिष्ट) के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के आयोजन हेतु गोपनीय कार्य किये गये।

9- अक्टूबर माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार, आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।

संलग्न उपरोक्त।

4.11.16

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

4/11/16


**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**

**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**

**Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in**

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)


11

पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017 दिनांक: 06/01/2017

विशेष कार्याधिकारी
कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह दिसम्बर 2016 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा -2016 की अंकतालिका मुद्रण का कार्य किया गया।
2- दिसम्बर माह में वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा -2016 के दौरान नकल में पकड़े गये परीक्षार्थियो की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका पर अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु कार्य प्रारम्भ किया गया।
3- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा -2016 से संबंधित प्राप्त पुर्नमूल्यांकन आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की गई।
4- दिसम्बर माह में बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 07 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई । उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु औचक निरीक्षण कार्य हेतु विश्वविद्यालय से टीमें भेजी गई
5- दिसम्बर माह में बी0एड0 की सम्पन्न परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं की विषयवार छठनी कर मूल्यांकन हेतु परीक्षकों को प्रेषित की गई तथा मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराया गया।
6- जनवरी -2017 में होने वाली सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथियों व परीक्षा केन्द्रों की सूचना वि0वि0 वैबसाइट , अध्ययन केन्द्रों, क्षेत्रीय कार्यालय व परीक्षार्थियों को प्रेषित की गई।
7- दिसम्बर माह में सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों से फोन के माध्यम से वार्ता की गई।
8- सेमेस्टर परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र निर्माण व मोडरेशन का कार्य किया गया।
9- दिसम्बर माह में 548 मूल उपाधियां, 155 अंकपत्र, 173 अन्तरिम उपाधि व अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत कर प्रेषित/वाहकों को दिये गये।
10- दिसम्बर माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 430 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल/फोन के माध्यम से प्रेषित किया गया।
11- दिसम्बर माह में उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, प्रश्नपत्रों निर्माता व प्रयोगात्मक परीक्षा, परियोजना कार्य मूल्यांकन व समायोजन बिलों एवं गोपनीय बिलों तथा यात्रा संबंधी आदि बिलों पर कार्यवाही करते हुए भुगतान किये जाने हेतु पत्रावली प्रेषित की गई।
12- दिसम्बर माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार, आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।

Received
6/1/17

परीक्षा नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

OK


**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**
**Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in**

12

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017** **दिनांक: 04/02/2017**

विशेष कार्याधिकारी

कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मासिक प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह जनवरी 2017 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- सेमेस्टर परीक्षा 2017 दिनांक 19/01/2017 से 30/01/2017 तक 22 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न करायी गयी। ये परीक्षाएं नियमानुसार एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। समस्त परीक्षा उत्तरपुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय में संकलित (Collect) किया गया।

2- विश्वविद्यालय वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 के दौरान नकल में पकड़े गये 148 परीक्षार्थीयों के सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा विश्वविद्यालय नियमानुसार निर्णय लिया गया तथा समस्त UFM प्रकरण निस्तारित किए गए।

3- बी0एड विशिष्ट शिक्षा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षाफल 4 जनवरी 2017 को घोषित किया गया।

4- जनवरी माह में 361 मूल उपाधियॉ, 55 अन्तरिम उपाधि व वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 से सम्बन्धित समस्त अंकपत्रों को वाहक/डाक से प्रेषित किया गया।

5- सेमेस्टर परीक्षा के मूल्यांकन में प्रथम बार प्रयोग किये जाने वाले ओ0एम0आर0 एवार्डशीट के अनुप्रयोग सम्बन्धित दिशा-निर्देश तैयार किये गये।

6- जनवरी माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 217 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल/फोन के माध्यम से प्रेषित किया गया।

7- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 के 43 समायोजन बिल तथा बी0एड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2017 के 4 समायोजन बिलों का निस्तारण किया गया। अवशेष बिलों में कार्यवाही गतिमान है।

4.2.17

परीक्षा नियंत्रक,

उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**
**Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in**

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

13

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017/1023** **दिनांक: 03/03/2017**

विशेष कार्याधिकारी
कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की फरवरी माह की प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह फरवरी 2017 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- माह जनवरी 2017 में सम्पन्न विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिकाएं विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई, प्राप्त उत्तरपुस्तिकओं की छठनी कर उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु प्रेषित की गई।

2- फरवरी माह में 110 मूल उपाधियॉ, 51 अन्तरिम उपाधि को वाहक/डाक से प्रेषित की गई।

3- फरवरी माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 325 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल/फोन के माध्यम से प्रेषित किया गया।

4- फरवरी माह में वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 व सेमेस्टर परीक्षा-2017 की परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, प्रश्नपत्रों निर्माता व प्रयोगात्मक परीक्षा, परियोजना कार्य मूल्यांकन व परीक्षा केन्द्र समायोजन बिलों एवं गोपनीय बिलों तथा यात्रा संबंधी आदि बिलों पर कार्यवाही करते हुए भुगतान किये जाने हेतु पत्रावली प्रेषित की गई। अवशेष बिलों में कार्यवाही गतिमान है।

5- फरवरी माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार, आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।

6- माह जनवरी 2017 में सम्पन्न परीक्षा से संबंधित कम्प्यूटर साइंस एवं कृषि पाठ्यक्रमों की मौखिक/प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराई गई।

7- फरवरी माह में योगा पाठ्यक्रम (BYN 1st year / DYN , MAY-1st year , MAY-2nd year) की प्रयोगात्मक परीक्षा हरिद्वार केन्द्र में सम्पन्न कराई गई।

8- आगामी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा जून- 2017 हेतु परीक्षा आवेदन भरने की तिथि व परीक्षा केन्द्र शहरों की सूची घोषित की गई ।

9- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा- 2016 से संबंधित पुर्नमूल्यांकन परीक्षाफल घोषित किया गया, शेष परीक्षाफल पर कार्यवाही गतिमान है।

परीक्षा नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

3/3/17

**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**
**Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in**

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )

**UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)**


14

**पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017/1037** **दिनांक: 03/04/2017**

विशेष कार्याधिकारी
कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की मार्च माह की प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह मार्च 2017 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- मार्च माह में विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा जनवरी- 2017 से संबंधित समस्त पाठ्यक्रमों (कुल 49) का पूर्ण परीक्षाफल घोषित किया गया।
2- द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु प्राप्त आनलाइन व आफलाइन आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की गई।
3- मार्च माह में 126 मूल उपाधियॉ, 62 अन्तरिम उपाधि एव पुर्नमूल्यांकन की अंकतालिकाएं को वाहक/डाक से प्रेषित की गई।
4- मार्च माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 285 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल/फोन के माध्यम से प्रेषित किया गया।
5- मार्च माह में वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 व सेमेस्टर परीक्षा जनवरी -2017 की परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, प्रश्नपत्रों निर्माता व प्रयोगात्मक परीक्षा, परियोजना कार्य मूल्यांकन व परीक्षा केन्द्र समायोजन बिलों एवं गोपनीय बिलों तथा यात्रा संबंधी आदि बिलों पर कार्यवाही करते हुए भुगतान किये जाने हेतु पत्रावली प्रेषित की गई।
6- मार्च माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।
7- मार्च माह में योग पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक परीक्षा हरिद्वार व किच्छा परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई गई।
8- आगामी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा जून- 2017 हेतु परीक्षा केन्द्रों से सम्पर्क एवं प्रश्नपत्र निर्माण की कार्यवाही की गई।
9- मार्च माह में बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) संबंधित पुर्नमूल्यांकन परीक्षाफल घोषित किया गया।
10- जनवरी-2017 की परीक्षा से संबंधी नकल प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का निस्तारण किया गया।
11- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा- 2016 से संबधित चुनौती मूल्यांकन के प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही की गई।
12- मार्च माह में आगामी परीक्षा जून-2017 की तैयारी हेतु परीक्षा अनुभाग की एक बैठक आयोजित की गई।

2.4.17

परीक्षा नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

OK

3/4/17


**Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139**
**Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232**

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

75

पत्रांकः यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017/1044 दिनांकः
26/04/2017

विशेष कार्याधिकारी
कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की अप्रैल माह की प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह अप्रैल 2017 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- अप्रैल माह में द्वितीय दीक्षांत समारोह में लगभग 285 विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय से अपनी उपाधियां प्राप्त की गई।
2- अप्रैल माह में 58 मूल उपाधियॉ, 68 अन्तरिम उपाधि एवं सेमेस्टर परीक्षा- 2017 की परीक्षा से संबंधित 1490 अंकतालिकाएं वाहक/डाक से प्रेषित की गई।
3- अप्रैल माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 1044 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल/फोन के माध्यम से प्रेषित किया गया।
4- अप्रैल माह में वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 व सेमेस्टर परीक्षा जनवरी -2017 की परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, प्रश्नपत्रों निर्माता व प्रयोगात्मक परीक्षा, परियोजना कार्य मूल्यांकन व परीक्षा केन्द्र समायोजन बिलों एवं गोपनीय बिलों तथा यात्रा संबंधी आदि बिलों पर कार्यवाही करते हुए भुगतान किये जाने हेतु पत्रावली प्रेषित की गई।
5- अप्रैल माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान,अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।
6- अप्रैल माह में योग, गृहविज्ञान, विज्ञान, ज्योतिष व कार्मकाण्ड, पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षा पिथौरागढ़, किच्छा, देहरादून व हल्द्वानी परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई गई।
7- आगामी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा जून- 2017 हेतु प्रश्नपत्र निर्माण व मोडरेशन कार्य किया गया।
8- अप्रैल माह में जून/जुलाई- 2017 की परीक्षा का अस्थायी कार्यक्रम जारी किया गया।
9- आगामी परीक्षा हेतु तद् दिनांक तक 28585 (मुख्य परीक्षा) एवं 8227 (बैक परीक्षा) हेतु आवेदन विश्वविद्यालय एस0आई0एस0 में अंकित किये जा चुके है।

परीक्षा नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

O/C

Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232
Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in

16

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी ( नैनीताल )

# UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

पत्रांकः यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017/1051 दिनांकः 30/05/2017

विशेष कार्याधिकारी
कुलपति कार्यालय,

विषयः परीक्षा विभाग की मई माह की प्रगति आख्या।

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह मई 2017 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमस्टर परीक्षा 2017 जो 01 जून से 05 जुलाई 2017 तक 54 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हो रही है। परीक्षा आयोजन हेतु परीक्षा केन्द्रों को पत्र प्रेषित किया गया।
2- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2017 में 28873 (मुख्य परीक्षा) एवं 8391 (बैक परीक्षा) कुल 37264 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।
3- मई माह में परीक्षा का स्थायी परीक्षा कार्यक्रम व प्रवेश पत्र जारी किये गये। इसकी सूचना वैबसाइट मेल व एस0एम0एस0 के माध्यम से अध्ययन केन्द्रों, परीक्षार्थियों व क्षेत्रीय कार्यालयों को उपलब्ध कराई गई।
4- मई माह में परीक्षा के आयोजन हेतु दिनांक 18 मई 2017 को कुलपति महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।
5- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमस्टर परीक्षा- 2017 की परीक्षा के संबंध में निदेशक, उच्च शिक्षा, सचिव उच्च शिक्षा, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों को पत्र प्रेषित किया गया।
6- परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों को अनुमानित अग्रिम धनराशि उपलब्ध कराई गई।
7- मई माह में कोरी उत्तरपुस्तिकाओं व परीक्षा के अन्य प्रपत्रों को परीक्षा केन्द्रों में भेजने हेतु तैयारी कर दिनांक 25 मई 2017 को दो-दो सदस्यों की 07 टीमें समस्त परीक्षा केन्द्रों को भेजी गई।
8- मई माह में प्राप्त गोपनीय प्रपत्रों को परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाने हेतु दिनांक 29 मई 2017 को दो-दो सदस्यों की 09 टीमें परीक्षा केन्द्रों को भेजी गई।
9- मई माह में उक्त परीक्षा से संबंधित सत्रीय कार्य के अंकों की प्रविष्टि दिनांक 15 जून 2017 तक SIS में करने हेतु समस्त अध्ययन केन्द्रों को मेल के माध्यम से पुनः पत्र प्रेषित किया गया।
10- मई माह में योग, विज्ञान, एम0बी0ए0, एम0एस0 डब्लू, कम्प्यूटर साइंस होटल प्रबंध व संगीत पाठ्यक्रमों की मौखिक / प्रयोगात्मक परीक्षा पिथौरागढ़, हरिद्वार, अल्मोड़ा, पौड़ी, देहरादून व हल्द्वानी परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न कराई गई।
11- मई माह में परीक्षार्थियों/अध्ययन केन्द्रों/क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त हुई लगभग 1300 ई-मेल प्रकरणों का समाधान कर उत्तर ई-मेल/फोन के माध्यम से प्रेषित किया गया।
12- मई माह में 394 मूल उपाधियॉ, 40 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाणपत्र वाहक/डाक से प्रेषित की गई।
13- वर्ष 2015 में सम्पन्न परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं, परियोजना कार्य, सत्रीय/क्षेत्रीय कार्य, उपस्थिति प्रपत्र व परीक्षा के अन्य निष्प्रयोजन प्रपत्रों के विनष्टिकरण की कार्यवाही सम्पन्न की गई।
14- मई माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान, अन्य शासन व सत्यापन पत्राचार आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।
15- मई माह में वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 व सेमेस्टर परीक्षा जनवरी -2017 की परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, परीक्षा केन्द्र समायोजन बिलों एवं गोपनीय बिलों तथा यात्रा संबंधी आदि बिलों पर कार्यवाही करते हुए भुगतान किये जाने हेतु पत्रावली प्रेषित की गई।

Received
Rekha
V.C office.
30/5/17

OK

परीक्षा नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी ( नैनीताल )
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)

17

पत्रांक: यू0ओ0यू0/परीक्षा/445/2017/1062 दिनांक: 01/07/2017

विशेष कार्याधिकारी
कुलपति कार्यालय,

**विषय: परीक्षा विभाग की जून माह की प्रगति आख्या।**

महोदय,

**कुलपति जी के कार्यालय पत्रांक-वीसी/ओएसडी0/95 दिनांक 06/05/2016 के अनुपालन में परीक्षा अनुभाग की माह जून 2017 की मासिक प्रगति आख्या निम्नवत अवलोकनार्थ प्रस्तुत है-**

1- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमस्टर परीक्षा 2017, 54 परीक्षा केन्द्रों में 01 जून 2017 को प्रारम्भ हुई थी, जो 05 जुलाई 2017 को समाप्त होगी। परीक्षा सुचारू एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है।
2- परीक्षा के शान्तिपूर्ण एंव नकलविहीन संचालन के लिए विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय स्तर पर 05 तथा विश्वविद्यालय स्तर से 08 सचल दल (Flying Squads) बनाये गये जिनके द्वारा परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, इनके द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गयी है।
3- परीक्षा के दौरान ही परीक्षा केन्द्रों से लिखित उत्तरपुस्तिकाएं एकत्रित की गयी। वर्तमान तक की प्राप्त लिखित उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन हेतु परीक्षकों को प्रेषित कर दिया गया है। अब अवशेष लिखित उत्तरपुस्तिकाओं पर कार्य गतिमान है।
4- परीक्षाफल समय से घोषित करने के लिए मूल्यांकन कार्य परीक्षा संचालन के मध्य में प्रारम्भ कर दिया गया है।
5- मूल्यांकन कार्य में उपयोग आने वाले ओ0एम0आर अवार्ड की एस0आई0एस में प्रोसिसिंग का कार्य किया गया है इसके उपरान्त अवार्ड का Printing का कार्य गतिमान है।
6- परीक्षा केन्द्रों व परीक्षार्थियों से प्राप्त समस्याओं का निराकरण नियन्त्रण कक्ष द्वारा द्रुत गति से किया गया जिससे कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं हुई।
7- जून माह में प्राप्त गोपनीय प्रपत्रों को विश्वविद्यालय टीमों के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाया गया।
8- जून माह में 168 मूल उपाधियॉ, 55 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाणपत्र वाहक/डाक से प्रेषित की गई तथा 270 मूल उपाधियों में संसोधन हेतु प्रिटिंग के लिए प्रेषित किए गए।
9- जून माह में पत्राचार व फोन के माध्यम से प्राप्त परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान, सत्यापन पत्राचार, आर0टी0आई0 एवं अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा संबंधित पत्रावलियों एवं गोपनीय आदि कार्य किये गये।
10- विभिन्न विभागों से प्राप्त परियोजना कार्य (Project work ) का मूल्यांकन कराया गया।
11- प्रयोगात्मक व परियोजना कार्य के प्राप्तांको का एस0आई0एस मे प्रविष्टि का कार्य गतिमान है।

Received / [signature] / 1/7/17

[signature]
परीक्षा नियंत्रक,
उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी

Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139
Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232
Websit:www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in